भा.वा.अ.शि.प. - वन उत्पादकता संस्थान, राँची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून की महानिदेशक, श्रीमती कंचन देवी द्वारा भावाअशिप-वन उत्पादकता संस्थान, रांची का दौरा

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद की महानिदेशक, श्रीमती कंचन देवी ने दिनांक 18.03.2024 से 21.03.2024 के दौरान भावाअशिप-वन उत्पादकता संस्थान, रांची का दौरा किया और संस्थान की शोध गतिविधियों का अवलोकन किया। दिनांक 18.03.2024 को संस्थान के निदेशक, डॉ. अमित पाण्डेय के नेतृत्व में समूह समवयक अनुसंधान, डॉ. योगेश्वर मिश्रा और सभी प्रभागाध्यक्षों/वैज्ञानिकों द्वारा संस्थान में परिचालित शोध परियोजनाओं की उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। महानिदेशक, श्रीमती कंचन देवी ने सभी वैज्ञानिकों को बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं पर कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। संस्थान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और शोध अध्येताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने संस्थान को प्रगतिशील बनाए रखने के लिये बधाई दी और सभी का उत्साह वर्धन किया। महानिदेशक ने संस्थान के प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र का दौरा किया और कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

दिनांक 19.03.2024 को महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून और राज्य वन विभाग, झारखंड के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया गया, जिससे आने वाले समय में झारखंड राज्य में वानिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और अन्य विकास के कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक ने भावाअशिप- वन उत्पादकता संस्थान ने निदेशक डॉ. अमित पाण्डेय और संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों के साथ दिनांक 20.03.2024 को नोआमुंडी, पूर्वी सिंहभूम में टाटा लिमिटेड द्वारा मियावाकी पौधरोपण का निरीक्षण किया एवं उसकी उत्कृष्टता बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में मेघाहाताबुरु, पूर्वी सिंहभूम में संस्थान द्वारा परिचालित पर्यावरण की बहाली (Eco- restoration) हेतु 8.50 हेक्टेयर (वर्ष 2022-23 में 1.50 हेक्टेयर एवं 2023-24 में 7.0 हेक्टेयर) क्षेत्र में किए गए वृक्षारोपण का महानिदेशक द्वारा दिनांक 20.03.2024 को निरीक्षण किया गया। महानिदेशक महोदया ने प्रजातियों के चयन, विकास मापदंडों और जीवित रहने के प्रतिशत (Survival percentage) के संबंध में वृक्षारोपण कार्य की सराहना की।

दिनांक 18.03.2024 के दौरे की झलकियां

रांची-गुमला NH-23, लालगुटवा, रांची - 835 303 (झारखंड)

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून की महानिदेशक, श्रीमती कंचन देवी द्वारा भावाअशिप-वन उत्पादकता संस्थान, रांची का दौरा

भावाअशिप - वन उत्पादकता संस्थान, रांची में श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस: FORESTS AND INNOVATION: NEW SOLUTIONS FOR A BETTER WORLD के अवसर पर दिनांक 21.03.2024 को संस्थान परिसर में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक, डॉ. अमित पाण्डेय के साथ संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर महानिदेशक ने सभी को संबोधित करते हुए वानिकी के क्षेत्र में नए पहल और कार्यकलापों का सामायोजन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोध प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान संस्थान में स्थापित मैंग्रोव प्रजातियों के एक्स सीटू संरक्षण की सराहन की। संस्थान में चल रहे शोध कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हमेशा की भाँती नवाचार का सामायोजन करते हुए धरती को हरा भरा बनाना है।

दिनांक 19.03.2024 को टाटा लिमिटेड के प्रक्षेत्र दौरे की झलकियां

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून की महानिदेशक, श्रीमती कंचन देवी द्वारा भावाअशिप-वन उत्पादकता संस्थान, रांची का दौरा

दिनांक 20.03.2024 को मेघाहाताबुरु के प्रक्षेत्र दौरे की झलकियां

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून की महानिदेशक, श्रीमती कंचन देवी द्वारा भावाअशिप-वन उत्पादकता संस्थान, रांची का दौरा

दिनांक 21.03.2024 को संस्थान के दौरे की झलकियां

रांची-गुमला **NH-23,** लालगुटवा, रांची - 835 303 (झारखंड)